जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

20 दिसंबर, 2024

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के मुशीर फातमा नर्सरी स्कूल के वार्षिक खेल दिवस पर खेल भावना एवं फिटनेस का जश्न

मुशीर फातमा नर्सरी स्कूल, जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने दिनांक 19 दिसंबर, 2024 को अपने वार्षिक खेल दिवस का आयोजन किया जिसमें शारीरिक गतिविधि और सामुदायिक भावना का जीवंत उत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम में जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कुलसचिव प्रो. मोहम्मद महताब आलम रिजवी मुख्य अतिथि थे।

खेल दिवस की शुरुआत स्कूल के उभरते हुए एथलीटों की एक ऊर्जावान सामूहिक ड्रिल के साथ हुई जिसमें उनके उत्साह को दर्शाते रंग-बिरंगे परिधानों का प्रदर्शन किया गया। अपने उद्बोधन में कुलसचिव ने बाल्यवस्था विकास में खेलों के महत्व पर बल दिया और छात्रों को अपनी रुचियों का पता लगाने तथा शारीरिक गतिविधि के प्रति प्रेम को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया।

स्कूल की प्रधानाध्यापिका श्रीमती रुखसाना परवीन ने अपने उद्घाटन भाषण में कुलसचिव को समारोह में शामिल होने और अपने ज्ञान एवं प्रोत्साहन के शब्दों से नन्हे-मुन्नों को प्रेरित करने के लिए आभार व्यक्त किया । उन्होंने यह कहा कि : "मुशीर फातमा नर्सरी स्कूल में वार्षिक खेल दिवस केवल प्रतिस्पर्धा नहीं है अपितु युवा शिक्षार्थियों के बीच आत्मविश्वास, दोस्ती और अपनेपन की भावना जागृत करने के बारे में है।"

इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जामिया के परीक्षा नियंत्रक प्रो. सरोज कुमार महानंद ने भी बच्चों के आकर्षक प्रदर्शन की सराहना की और इस कार्यक्रम के लिए उन्हें प्रशिक्षित करने के लिए शिक्षकों और कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया ।

पूरे कार्यक्रम के दौरान, बच्चों ने विभिन्न मज़ेदार गतिविधियों में भाग लिया, जिसमें हेन एंड लेमन बैलेंसिंग रेस, बाधा कोर्स, कछुआ दौड़ और टीम गेम शामिल थे जो टीम वर्क और स्वस्थ भागीदारी को बढ़ावा देते हैं। अभिभावकों और परिवार के सदस्यों ने अपने नन्हे-मुन्नों का उत्साहवर्धन किया जिससे समर्थन एवं उत्साह का माहौल बना। सभी बच्चों को स्टेशनरी आइटम और स्माइली बॉल वाले गिफ्ट पाउच दिए गए। यह अवसर न केवल एथलेटिक कौशल का प्रदर्शन था अपितु खेलकूद और फिटनेस का उत्सव भी था।

कार्यक्रम का समापन एक शानदार समापन समारोह के साथ हुआ, जहाँ कुलसचिव ने बच्चों के प्रयासों और शारीरिक गतिविधि के लिए रचनात्मक वातावरण को बढ़ावा देने के लिए स्कूल की प्रतिबद्धता की सराहना की।

प्रधानाध्यापिका ने कार्यक्रम की सफलता में योगदान देने वाले सभी अभिभावकों, कर्मचारियों एवं स्वयंसेवकों के प्रति आभार व्यक्त किया । प्रधानाध्यापिका ने यह कहा कि , "हम सब मिलकर स्वास्थ्य एवं फिटनेस के प्रति आजीवन जुनून की नींव रख रहे हैं।"

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया